@shahjahanpurpol

प्रेस नोट-सराहनीय कार्य- दिनाँक-30.06.21

थाना कोतवाली पुलिस को मिली बडी कामयाबी,

1 करोड 50 लाख कीमत की नकली कीटनाशक उर्वरक तैयार करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक 29.06.2021 को थाना कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि मोहल्ला मघईटोला मे नफीस उर्फ गुड्डू के मकान मे नकली कीटनाशक उर्वरक तैयार किये जाने का कारोबार किया जा रहा है इस सूचना पर श्री प्रवेश सिंह प्रभारी निरीक्षक द्वारा उच्चाधिकारीगण को अवगत कराया गया।

श्री एस. आनन्द पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर द्वारा प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुये नकली कीटनाशक उर्वरक तैयार करने वाले गोदाम पर छापेमारी कर पर्दाफाश कर सम्बन्धित अभियुक्तों की शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी हेतु श्री संजय कुमार अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन , श्री प्रवीण कुमार क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण , प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली मय पुलिस बल एवं कृषि अधिकारी गण को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये एवं मानीटरिंग स्वयं की जाने लगी।

गठित टीम द्वारा गोदाम मे जाकर देखा गया तथा गोदाम मे उपस्थित 02 व्यक्ति 1-अनुज दीक्षित पुत्र रामनरेश दीक्षित निवासी बाबूजई थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर 2- आलोक कुमार चौधरी पुत्र हरीश चौधरी निवासी चिनौर केण्ट थाना सदर बाजार शाहजहाँपुर मौके पर मिले , जिनके द्वारा गोदाम के बारे मे जानकारी करने पर बताया गया कि यह गोदाम अशोक गोयल पुत्र पालाराम गोयल नि0 वृन्दावन गार्डेन कालोनी थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर के द्वारा किराये पर लिया गया है जिसमे हम लोग कीटनाशक उर्वरक बनाते है। इससे सम्बन्धित एक गोदाम सीतापुर रोड पर भी किराये पर लिया गया है कि सूचना पर विश्वास करते हुए सीतापुर रोड गोदाम पर जाकर देखा गया तो उक्त गोदाम का ताला लगा हुआ था। गोदाम मालिक अमित मल्होत्रा पुत्र बी.एन. मल्होत्रा नि0मो0 बक्सरिया थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर व मजिस्ट्रेट की उपस्थिति मे दोनो अभियुक्त अनुज दीक्षित व आलोक कुमार चौधरी के द्वारा ताला तुलडवाकर देखा गया तो भारी मात्रा मे कीटनाशक उर्वरक तैयार करने से सम्बन्धित पदार्थ मिले। उक्त दोनो गोदामो से लगभग 1 करोड 50 लाख रुपये का उर्वरक बनाने के उपकरण सहित भारी मात्रा सामग्री मिली, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर विधिक कार्यवाही करते हुये गिरफ्तार अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

अनावरित अभियोग का विवरण

1. मु0अ0सं0 303/2021 धारा 420/467/468/471 भादवि व 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम व 57/63 कापीराइट अधिनियम व 7/8 उर्वरक नियन्त्रण आदेश व 29(1)(c)(d) कीटनाशक अधिनियम थाना कोतवाली शाहजहाँपुर।

बरामदगी का विवरण

1. 200 अदद बोरी आई.पी.एल. पोटाश 50 किग्रा0 वाली
2. 20 अदद बोरी पोटाश चम्बल 50 क्रिग्रा वाली
3. 500 अदद बोरी सम्राट मोनो जिंक 33% (5 क्रिग्रा0 वाली)
4. 500 अदद बोरी सम्राट सल्फर (5 किग्रा0 वाली)
5. 18 तरीके के उर्वरक बनाने वाले पदार्थ (कीमत 1 करोड, 50 लाख रुपये)
6. 57 अलग अलग कम्पनी के रैपर (लगभग 50000)

गिरफ्तार व्यक्तियों का विवरण

1. अनुज दीक्षित पुत्र रामनरेश दीक्षित निवासी बाबूजई थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर ।
2. आलोक कुमार चौधरी पुत्र हरीश चौधरी निवासी चिनौर केण्ट थाना सदर बाजार शाहजहाँपुर।

फरार अभियुक्त का विवरण

1. अशोक गोयल पुत्र पालाराम गोयल नि0 वृन्दावन गार्डेन कालोनी थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।

पुलिस टीम का विवरण

1. प्रभारी निरीक्षक प्रवेश सिंह थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।
2. उ0नि0 संजयपाल चौकी प्रभारी पाकड थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।
3. हे0का0 451 प्रदीप कुमार थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।

4. हे0का0 134 सचिन कुमार थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।
5. का0 1875 ऋषिपाल अत्री थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।
6. का0 2037 सुमित सैनी थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।
7. का0 2044 परिक्षित सैनी थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर।
8. श्री शिवशंकर जिला कृषि रक्षा अधिकारी शाहजहाँपुर।
9. श्री ऋतुराज शुक्ला नायब तहसीलदार शाहजहाँपुर।
10. डा0 सतीश चन्द्र पाठक जिला कृषि अधिकारी शाहजहाँपुर।
11. श्री मदनपाल सिंह वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप बी (कृषि रक्षा)
12. श्री दीपक जायसवाल प्राविधिक सहायक ग्रुप सी (कृषि रक्षा)
13. श्री राकेश कुमार वरिष्ट सहायक कृषि रक्षा
14. श्री राजेन्द्र प्रसाद कामदार कृषि रक्षा
15. श्री पंकज सिंह वरिष्ठ सहायक कृषि रक्षा
16. श्री शरदवीर सहायक लेखाकार कृषि रक्षा
17. श्री दीपेन्द्र सिह वरिष्ठ सहायक कृषि रक्षा
18. श्री गौरव कुमार कनिष्ठ सहायक कृषि रक्षा